भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2051
सोमवार, 19 दिसम्बर, 2022/28 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन का विकास और संवर्धन

†2051. श्री धनुष एम. कुमारः
श्री सी.एन. अन्नादुरईः
श्री गजानन कीर्तिकरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए तमिलनाडु राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ख) सरकार द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए लागू की गई प्रमुख योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेषरूप से तमिलनाडु में पर्यटन के विकास के लिए अनुमोदित, स्वीकृत और कार्यान्वित की गई चिह्नित परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) अब तक पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और शेष परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(ङ) क्या तमिलनाडु में पर्यटन के लिए कोई पर्यटन विकास कोष बनाया गया है और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ऐसी प्रत्येक परियोजना पर खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु राज्य को मेलों/उत्सवों और पर्यटन सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

तमिलनाडु राज्य में पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय ने 'पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत भी परियोजनाओं को स्वीकृति दी है।

पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु में पर्यटन के लिए अलग से कोई निधि नहीं बनाई है। तथापि उपरोल्लिखित योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण, उनकी स्थिति और जारी की गई निधियों के सम्बन्ध में सूचना **अनुबंध** में दी गई है।

'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का भौतिक निष्पादन पूरा हो चुका है। 'पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत स्वीकृत तीन परियोजनाओं में एक परियोजना पूरी हो चुकी है जबकि शेष दो परियोजनाओं पर कार्य जारी है।

****

अनुबंध

तमिलनाडु में पर्यटन के विकास के सम्बन्ध में दिनांक 19.12.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2051 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य**	**परिपथ**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**	**स्थिति**
1.	तमिलनाडु	तटीय परिपथ	2016-17	(चेन्नै-मामल्लपुरम-रामेश्वरम-मानपाडु-कन्याकुमारी) का विकास	73.13	69.48	पूर्ण

प्रशाद योजना

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**	**स्थिति**
1.	तमिलनाडु	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99	13.99	पूर्ण
2.		वेल्लंकनी का विकास	2016-17	4.86	4.86	पूर्ण

पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परियोजना का नाम**	**केन्द्रीय एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**	**स्थिति**
वर्ष 2012-13						

1.	**तमिलनाडु**	चेन्नै पोर्ट पर वर्तमान यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केन्द्र	चेन्नै पोर्ट ट्रस्ट	17.25	17.25	पूर्ण
वर्ष 2017-18						
2.	**तमिलनाडु**	रामेश्वरम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	4.70	3.76	कार्य प्रगति पर है।
वर्ष 2018-19						
3.	**तमिलनाडु**	मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	4.48	3.56	कार्य प्रगति पर है।

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों और उत्सवों के और पर्यटन सम्बन्धी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता

(लाख रु. में)

राज्य का नाम	**स्वीकृति वर्ष**	मेलों और उत्सवों का नाम	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
तमिलनाडु	2015-16	मामल्लपुरम, तमिलनाडु में भारतीय नृत्योत्सव	**8.00**	**8.00**
	2016-17	मामल्लपुरम, तमिलनाडु में भारतीय नृत्योत्सव	25.00	25.00
	2017-18	मामल्लपुरम में भारत नृत्योत्सव	25.00	25.00
	2018-19	मामल्लपुरम में भारत नृत्योत्सव	25.00	25.00
	2019-20	(i) भारतीय नृत्योत्सव- दिसम्बर (ii) कुमारी उत्सव (iii) पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव	50.00	50.00
	2021-22	मामल्लपुरम में भारत नृत्योत्सव	25.00	25.00

****